RAF SECTOR
NEWS CLIP
13/04/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan , Meerut (U.P)

आरएएफ कैंप में दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

मेरठ। आरएएफ की 108 बटालियन की ओर से आयोजित कैंप में रविवार को पुलिस महानिरीक्षक (आरएएफ) राधा मोहन मीना ने भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को परखते हुए जरूरी निर्देश दिए। शाम को कैंप में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। इस मौके पर 108 बटालियन के कमांडेंट राजेंद्र प्रसाद मौजूद रहे। संवाद

Dainik Jagran , Meerut (U.P)

आईटीबीपी, दिल्ली पुलिस का ट्रेनिंग कोर्स शुरू

मेरठ। रैपिड एक्शन फोर्स की लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) में दिल्ली पुलिस, आईटीबीपी और आरएएफ जवानों के विभिन्न ट्रेनिंग कोर्स सोमवार से प्रारंभ हो गए। डीआईजी अखिलेश सिंह ने इनका उद्घाटन किया। आईटीबीपी के 15 कार्मिकों का प्रशिक्षण लोक व्यवस्था प्रबंधन विषय पर 10 मई तक चलेगा। दिल्ली सशस्त्र पुलिस के 53 कार्मिक भीड़ प्रबंधन और लोक व्यवस्था प्रबंधन पर 26 अप्रैल तक ट्रेनिंग लेंगे। आरएएफ दिल्ली रेंज में आने वाली विभिन्न बटालियन के 117 जवान चार हफ्ते तक परिवर्तन प्रशिक्षण लेंगे। डीआईजी अखिलेश सिंह ने बताया कि दंगा नियंत्रण के तकनीकि पहलुओं, हथियारों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उप कमांडेंट हरीश चंद्र सिंह नेगी, नीरज झा, सहायक कमांडेंट प्रमोद सिंह आदि रहे।

News Diary , Meerut (U.P)

दंगा नियंत्रण का प्रशिक्षण दिया

प्रशिक्षणार्थियों से बात करते डीआईजी अखिलेश कुमार सिंह। संवाद

मेरठ। लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) में दिल्ली सशस्त्र पुलिस के 75 कार्मिकों सहित तीन बटालियनों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। सोमवार को पुलिस उप महानिरीक्षक (रैपो) अखिलेश कुमार सिंह ने इसका शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नए दौर में नई तकनीक सीखना जरूरी है। प्रशिक्षण में दंगा नियंत्रण की सभी तकनीक के अलावा आधुनिक हथियारों, मार्शल आर्ट, भीड़ नियंत्रण के बारे में बताया गया। इसके अलावा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के 15 कार्मिकों और दिल्ली रेंज के तहत आने वाली बटालियनों के 117 जवानों का चार सप्ताह का प्रशिक्षण भी शुरू हुआ है। इस अवसर पर उप कमांडेंट हरीश चंद्र सिंह नेगी, नीरज कुमार झा, सहायक कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह, गोविंद सिंह नेगी, अजीत कुमार भी मौजूद रहे। ब्यूरो

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।